भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-2954

जिसका उत्तर 05 दिसम्बर, 2019 को दिया जाना है ।

ग्रामीण आवासों में विद्युत कनेक्शन

2954. डॉ. अमर सिंहः

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पंजाब के गांवों में औसतन कितने घंटे तक विद्युत आपूर्ति की जाती है; और

(ख) ग्रामीण पंजाब के सभी गांवों में कितने प्रतिशत आवासों में विद्युत कनेक्शन उपलब्ध है?

उत्तर

विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (श्री आर. के. सिंह)

(क) : पंजाब राज्य द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार, 30.09.2019 को ग्रामीण क्षेत्रों में औसत आपूर्ति 24 घण्टे है।

(ख) : पंजाब राज्य द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार, 31.03.2019 को राज्य में सभी घर विद्युतीकृत हो गए हैं।

****